प्रेस विज्ञप्ति

साइंस कॉलेज में 'इंटरनेट ऑफ थिंग्स (**IoT**)' पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग शैक्षणिक संस्थान में कम्प्यूटर साईंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा दिनांक 07/03/2025 को 'इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT)' पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान छात्रों को आधुनिक तकनीकी नवाचारों से अवगत कराया और उन्हें IoT के क्षेत्र में कौशल विकसित करने का एक अवसर प्रदान करेगी। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को स्मार्ट तकनीकों और कनेक्टेड डिवाइस के माध्यम से भविष्य की तकनीकी दुनिया से जोड़ना है।

व्याख्यान में विशेषज्ञ वक्ता प्रो.जागृत कुमार ठाकुर , जो IoT के क्षेत्र में अग्रणी हैं, छात्रों को IoT के सिद्धांत, कार्यप्रणाली, और इसके उपयोग के विभिन्न क्षेत्रों जैसे स्मार्ट होम, स्मार्ट सिटी, हेल्थकेयर, कृषि, और अन्य उद्योगों में इसके महत्व के बारे में जानकारी दी ।

कम्प्यूटर साईंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.सनतकुमार साहू ने इस पहल के बारे में कहा, "IoT तकनीक हमारे छात्रों को एक नई दिशा प्रदान करेगी, जिससे वे न केवल तकनीकी ज्ञान प्राप्त करेंगे, बल्कि आने वाली पीढ़ी की तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए सक्षम होंगे।" इस कार्यक्रम मे विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. लतिका ताम्रकार एवं अतिथि व्याख्याता श्री जयनेंद्र श्रीवास, राधिका साहू, अम्बे साहू, मेघराज सोनी, शिप्रा प्रधान एवं लक्ष्मण देवांगन के साथ ही लगभग 60 विद्यार्थी उपस्थित हुये। कार्यक्रम के अंत में विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री दिलीप साहू ने धन्यवाद ज्ञापित किया।




